

# शिकारी आ रहे हैं


सैम रेविन

चित्र: आर्ट कमिंग्स




# शिकारी आ रहे हैं

सैम रेविन

चित्र: आर्ट कमिंग्स







डेविड और उसकी बहन केट एक फार्म पर रहते हैं.

डेविड के पिता के पास कुछ गायें और घोड़े हैं.

डेविड को जो घोड़ा सबसे अधिक पसंद है वो भूरे रंग का घोड़ा है और उसका नाम प्रिंस है.





केट को मू नामक बड़ी भूरी और सफेद गाय बहुत पसंद है.

लेकिन डेविड और केट के पास अपने पालतू जानवर भी हैं.

उनके पास एक पालतू बकरी है.

उसका नाम नैनी है.






उनके पास एक पालतू कुत्ता है.

उसका नाम फ्रेंड है.





और फिर एक छोटा हिरण भी है.

एक दिन छोटा हिरण

पहाड़ियों से नीचे आया.

वो बिल्कुल स्थिर खड़ा रहा

फिर उसने चारों ओर देखा.

खलिहान के बाहर हमेशा नमक का

एक डेला पड़ा रहता था.

वो नमक का डेला वहाँ की गायों के

चाटने के लिये था.

इस बार डेविड ने उसे एक सेब दिया.

केट के हाथ में एक फूल था.

हिरण ने वो भी खा लिया.





छोटा हिरण भागकर

नमक के ब्लॉक के पास गया

और उसने उसे चाटा और चाटा.

अगले दिन वो और अधिक नमक

चाटने के लिए वापस आया.

उसके बाद, छोटा हिरण हर दिन नमक चाटने आता था.

जल्द ही हिरण ने डेविड और केट को उसका सिर थपथपाने दिया.





"ओह, डेविड!" केट ने कहा.

"अब हमारे पास एक पालतू हिरण भी है!"



एक रोज़ रात्रि भोजन के समय डेविड ने कहा, "मैंने आज कुछ अजीब बात देखी."

"क्या?" उसकी माँ ने पूछा.

"हाँ, मैंने लाल टोपी और लाल कोट वाला एक आदमी देखा."



"क्या उसके पास बंदूक थी?" उसके पिता ने पूछा.

"हाँ," डेविड ने कहा.

"आह," उसके पिता ने कहा.

"उसका मतलब है कि शिकारी आ रहे हैं."

"शिकारी!" केट चिल्लाई.

"वे क्या शिकार करते हैं?"

"वे हिरणों का शिकार करने के लिए इन पहाड़ियों पर आते हैं," उसके पिता ने कहा.





"वे पागल शिकारी हैं!" उसकी माँ ने कहा.

"वैसे वे हिरण का शिकार करने आते हैं,

लेकिन वे किसी भी हिलने वाले जानवर पर गोली चला देते हैं!"



"क्यों?" डेविड ने पूछा.

"वे ऐसा क्यों करते हैं?"

उसकी माँ हँस पड़ी.

"मुझे लगता है कि कुछ शिकारी ऐसे भी हैं

जिन्होंने कभी हिरण नहीं देखा है!"




उसके पिता ने हामी में सिर हिलाया.

"किसान ब्राउन ने अपनी एक गाय खो दी.

एक शिकारी ने गलती से उस पर गोली चला दी.

इससे पहले, फ़ार्मर हिल ने अपना बड़ा कुत्ता खो दिया था.

एक शिकारी ने गलती से उसे भी गोली मार दी."



"गलती से!" डेविड चिल्लाया.

"इसलिए तो उन्हें लाल टोपी और कोट की ज़रूरत है," उसकी माँ ने कहा.

"जिससे एक शिकारी गलती से दूसरे शिकारी को गोली नहीं मारे!"





अगली सुबह केट ने कहा,
"डेविड, हम क्या कर सकते हैं?

शिकारी आ रहे हैं.

और वे गलती से गायों को गोली मार देते हैं.

शायद वे मू को भी गोली मार दें!

शायद वे प्रिंस को भी गोली मार दें!"

"बेहतर होगा कि वे प्रिंस को गोली न मारें,"
डेविड ने कहा.



"लेकिन हम क्या कर सकते हैं?" केट ने पूछा.

डेविड ने कहा, "मुझे लगता है कि शिकारी पढ़ना ज़रूर जानते होंगे."





"चलो, मुझे पता है कि हमें क्या करना चाहिए."

फिर डेविड औज़ार घर (टूल-रूम) की ओर भागा.



केट ठीक उसके पीछे थी.

औज़ार घर में से उसने लाल पेन्ट

की एक बाल्टी और एक ब्रश लिया.



फिर वो खलिहान की ओर भागा.

केट उसके ठीक पीछे थी.



"तुम क्या करने जा रहे हो?" केट चिल्लाई.

"चलो मेरे साथ," डेविड ने कहा.

"मैं मू की तलाश कर रहा हूं."

मू खलिहान में थी.

डेविड ने बड़ी गाय को थपथपाया.

"तुम शांति से खड़ी रहो मू," उसने कहा.




उसने ब्रश को लाल बाल्टी में डाला


और गाय पर अक्षर पेन्ट करने लगा.

मू को आश्चर्य हुआ, लेकिन वो स्थिर खड़ी रही.





बहुत धीरे से, डेविड ने मू के एक
ओर COW (गाय) शब्द लिखा.






"देखो!" डेविड ने कहा.

"प्रिंस का क्या करें?" केट ने कहा.

"वो तो हिरण की तरह भूरा है!"



"अभी स्थिर खड़े रहो, प्रिंस," डेविड ने कहा.

उसने ब्रश को लाल रंग में डाला और घोड़े पर पेन्ट करना शुरू किया.


प्रिंस आश्चर्यचकित था,


परन्तु वो स्थिर खड़ा रहा.



डेविड ने बहुत धीरे-धीरे प्रिंस की एक तरफ HORSE (घोड़ा) शब्द पेन्ट किया.

"देखो!" उसने कहा.





"नैनी का क्या करें?" केट ने पूछा.

"क्या तुम GOAT शब्द लिख सकते हो?'





"हाँ," डेविड ने कहा, और उसने

नैनी की एक तरफ GOAT (बकरी)

शब्द पेन्ट किया.

"फ्रेंड का क्या करें?" केट ने पूछा.

"पिताजी ने कहा कि एक शिकारी ने एक कुत्ते को भी गोली मार दी!"





"फ्रेंड को देखो!" डेविड ने कहा.

"लेकिन वो अपने शरीर के पेन्ट को तुरंत चाट जाएगा!"



"चलो हम उसका पुराना कोट खोजते हैं

जो माँ ने उसके लिए बनाया था," केट ने कहा.

"तुम उस पर पेन्ट कर सकते हो."



उन्हें कोट मिल गया

और उन्होंने कुत्ते को कोट पहना दिया.





"अभी स्थिर खड़े रहो," डेविड ने कहा.

लेकिन फ्रेंड को कोट पसंद नहीं आया और केट को उसे पकड़ना पड़ा.

डेविड ने ब्रश को लाल रंग में डाल डुबोया.

"क्या तुम फ्रेंड शब्द चित्रित करोगे?" केट ने पूछा.

डेविड ने इसके बारे में सोचा.

फ्रेंड एक कठिन शब्द था.

"नहीं," उसने कहा.

और फिर उसने कोट पर

DOG (कुत्ता) शब्द लिखा.

"देखो!" डेविड ने कहा.







डेविड खुश था कि सब काम हो गया था.

"अब शिकारियों को आने दो!" उसने कहा.



"नहीं, डेविड! ज़रा देखो!" केट चिल्लाई.

खलिहान के बाहर उनका छोटा हिरण खड़ा था.

वो नमक के डेले को चाट रहा था.

"हम उसके लिए क्या कर सकते हैं?"
केट ने पूछा.



डेविड ने कहा, "हम DEER (हिरण) शब्द तो चित्रित नहीं कर सकते."

"क्योंकि शिकारी उसी की तलाश में हैं!"



"क्या तुम टाइगर (बाघ) चित्रित कर सकते हो?" केट ने पूछा.

"बाघ शब्द पेंट करो और शिकारियों को डराओ!"

डेविड ने कहा, "मूर्ख मत बनो."

"उन्हें तुरंत पता चल जाएगा कि वो बाघ नहीं है."



उसने छोटे हिरण को एक सेब दिया
और केट ने उसके सिर को थपथपाया.

"हमें कुछ करना होगा!" डेविड ने कहा.

केट उछल पड़ी.

"क्या करना है वो मुझे पता है!"

वो घर की ओर भागी.

वो कोई लाल चीज़ लेकर वापस लौटी.





"यह मेरा बड़ा पुराना मफलर है,"
उसने डेविड से कहा.

"अभी खड़े रहो छोटे हिरण!"

फिर केट ने हिरण के गले में
मफलर बांध दिया.



लेकिन छोटा हिरण बिलकुल
आश्चर्यचकित नहीं दिखा.

उसने पूरा सेब खा लिया.

फिर उसने थोड़ा और नमक चाट लिया.

फिर हिरण वापस पहाड़ियों में भाग गया.



"देखो!" केट चिल्लाई.

"अब हम लाल रंग को दूर से देख सकते हैं!"

"चलो, अब शिकारियों को आने दो!" डेविड ने कहा.

अंत

